# समाहरणालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया
## (जिला कल्याण कार्यालय)

बिहार सरकार
Mob. No. 8544501082
E-Mail-dwo-wch-bih@nic.in


(84)

## :- आदेश :-

जिलान्तर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में सामग्री/उपस्करों/सेवाओं की आपूर्ति के अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया के पत्रांक 880/कल्याण दिनांक 04.08.2021 द्वारा अपर समाहर्त्ता, पश्चिम चम्पारण, बेतिया की अध्यक्षता में गठित जाँच-दल द्वारा निम्न कोटि की सामग्री/उपस्कर की आपूर्ति किए जाने संबंधी तथ्य प्रतिवेदित होने पर मेसर्स सन्नी ट्रेडर्स, मोतिहारी के विरूद्ध नगर थाना, बगहा कांड संख्या-479/22 दिनांक 06.07.2022 के तहत प्राथमिकी दर्ज है।

कार्यालय पत्रांक 2198 दिनांक 15.10.2022 द्वारा आपूर्तिकर्त्ता फर्म से निविदा में प्रकाशित शर्त्तो तथा क्रय समिति की बैठक की कार्यवाही में उल्लिखित शर्त्तो के उल्लंघन के बिन्दु पर कारण पृच्छा की मांग की गई।

कार्यालय को समर्पित प्रत्युत्तर में सिर्फ कारण पृच्छा के संबंध में उत्तर दिया गया है। आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण स्वीकार करने योग्य नहीं है। आपूर्तिकर्त्ता द्वारा सरकारी राशि के गबन के उद्देश्य से निम्न गुणवत्ता की सामग्री की आपूर्ति की गई है, जो निविदा में वर्णित शर्त्तो एवं क्रय समिति की बैठक की कार्यवाही में उल्लिखित शर्त्तो का उल्लंघन है।

स्पष्टतः घटिया तथा निम्न गुणवत्ता की सामग्री की आपूर्ति कर निविदा में वर्णित शर्त्तो एवं क्रय समिति की बैठक की कार्यवाही में उल्लिखित शर्त्तो का उल्लंघन किया गया है। आपूर्तिकर्त्ता फर्म के इस कृत्य से सरकारी राशि की हानि हुई है एवं विभाग की छवि धूमिल हुई है।

अतः आपूर्तिकर्त्ता फर्म मेसर्स सन्नी ट्रेडर्स, मोतिहारी को तत्काल प्रभाव से काली सूची में दर्ज किया जाता है।

5/12/22

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।

5/12/22

ज्ञापांक 2566/कल्याण दिनांक 05/12/2022

प्रतिलिपि - मेसर्स सन्नी ट्रेडर्स, मोतिहारी को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि - सभी जिला कल्याण पदाधिकारी, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि - सभी उप निदेशक, कल्याण, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि - सभी उप विकास आयुक्त, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि - सभी जिला पदाधिकारी बिहार, को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि - निदेशक, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि - सचिव, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

5/12/22

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।

5/12/22